दैनिक सवेरा टाइम्स
अंधेरे से उजाले की ओर...
1 Oct 2015

मोहिंदर गुप्ता फिर बने ऑल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के अध्यक्ष

जालंधर, 30 सितंबर (महाबीर सेठ): विंको ऑटो इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मोहिंदर गुप्ता फिर से ऑल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए हैं। यह चुनाव नई दिल्ली में हुई एसोसिएशन की जनरल बॉडी मीटिंग के दौरान किया गया। ऑल इंडिया रबड़ इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भारत में इस उद्योग की सर्वोच्च नैशनल बॉडी है। देश में करीब 6,000 लघु, मध्यम एवं बड़ी रबड़ इकाइयां शामिल हैं। इन इकाइयों का टर्नओवर 75000 करोड़ रुपए है।

एक अनुभवी उद्योगपति के तौर पर मोहिंदर गुप्ता ने देश में रबड़ उद्योग में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। जालंधर में 1965 में ही ऑटो रबड़ पार्ट्स की एक इकाई लगा चुके गुप्ता ने रबड़ उद्योग के लिए अथक प्रयास किए, खास तौर पर उत्तर भारत में, जहां देश की काफी सारी रबड़ इकाइयां कार्यरत हैं। नई दिल्ली में गुप्ता को इंडिया रबड़ एक्सपो के सफल आयोजन के लिए पहले ही काफी प्रशंसा मिल चुकी है।

रबड़ एक्सपो दुनिया में रबड़ उद्योग की सबसे बड़ी ईवेंट्स में गिना जाता है। मोहिंदर गुप्ता केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय के अधीन कार्यरत कैमिकल्स एंड एलाइड एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिला (कैपेक्सिल) के रबड़ उत्पाद पैनल के वाइस चेयरमैन के तौर पर देश से रबड़ के निर्यात की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। वे केंद्र सरकारी की नेशनल स्किल डिवल्पमैंट कार्पोरेशन (एनएसडीसी) द्वारा प्रबर्द्धित रबड़ कौशल विकास परिषद (आरएसडीसी) के निदेशक के रूप में अपनी विशेषज्ञता का लाभ भी देते रहे हैं। गुप्ता पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की प्रबंधन समिति में भी हैं।